भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY TIRUPATI
एर्पेडु-वेंकटगिरि रोड, एर्पेडु पोस्ट, तिरुपति जिला, आ.प्र -517619
Yerpedu – Venkatagiri Road, Yerpedu Post, Tirupati District, A.P – 517619

## विज्ञापन संख्या आईआईटीटी/स्टाफ़्रेक/01/2025 दिनांक 14-07-2025

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति, राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान, प्रत्यक्ष/प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित शिक्षकेतर पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| ग्रुप-ए पद | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पद/ वेतन स्तर/ आयु | विभाग/अनुभाग/ केंद्र/इकाई | वर्ग | | | | | कुल |
| | | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | |
| **प्रतिनियुक्ति पर** | | | | | | | | |
| 1. | **सहायक कुलसचिव (प्रतिनियुक्ति पर) ***<br>वेतन स्तर - 10<br>(रु. 56,100 – 1,77,500/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 56 वर्ष | प्रशासन | लागू नहीं | | | | | **1** |
| * प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में दो वर्ष की होगी। हालाँकि, कार्य-निष्पादन, कार्यात्मक आवश्यकताओं और संस्थान द्वारा अपनाए जाने वाले प्रासंगिक दिशानिर्देशों के आधार पर इस अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। | | | | | | | | |
| **सीधी भर्ती** | | | | | | | | |
| 2. | **तकनीकी अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 10<br>(रु. 56,100 – 1,77,500/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 45 वर्ष | केंद्रीय यंत्र समुच्चय सुविधा | - | - | - | - | 1 | **1** |
| 3. | **सुरक्षा अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 10<br>(रु. 56,100 – 1,77,500/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 45 वर्ष | सुरक्षा अनुभाग | - | - | - | - | 1 | **1** |

| ग्रुप-बी पद (सीधी भर्ती) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पद/ वेतन स्तर/ आयु | विभाग/ अनुभाग/केंद्र/ इकाई | वर्ग | | | | | कुल | दिशांत आरक्षण |
| | | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग एनसीएल | ई डब्ल्यूए स | अ नार क्षित | | मानक दिव्यांग व्यक्ति |
| 4. | **अनुभाग अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 8<br>(रु. 47,600 – 1,51,100/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 40 वर्ष | प्रशासन | - | - | - | - | 2 | **2** | **-** |
| 5. | **कनिष्ठ अधीक्षक**<br>वेतन स्तर - 6<br>(रु. 35,400 – 1,12,400/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 35 वर्ष | प्रशासन | 1 | 1 | 2 | - | 3 | **7** | **1** |
| 6. | **कनिष्ठ अभियंता - सिविल**<br>वेतन स्तर - 6<br>(रु. 35,400 – 1,12,400/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 35 वर्ष | अभियांत्रिकी एकक | - | - | - | - | 1 | **1** | **-** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | **कनिष्ठ खेल अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 6<br>(रु. 35,400 – 1,12,400/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 35 वर्ष | | खेल | - | - | - | - | 1 | **1** | - |
| 8. | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक**<br>वेतन स्तर - 6<br>(रु. 35,400 – 1,12,400/-)<br>अधिकतम आयु सीमा:35 वर्ष | 8.1 | रासायनिक अभियांत्रिकी | 1 | - | - | - | - | **1** | - |
| | | 8.2 | सीएसई विभाग<br>i) सॉफ्टवेयर और सिस्टम विकास (1 पद) | - | - | - | 1 | 1 | **2** | - |
| | | 8.3 | ii) सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन और नेटवर्किंग (1 पद) | | | | | | | |
| | | 8.4 | सिस्टम<br>(एचएसएस एवं एमएएस विभाग के लिए एक-एक पद) | - | - | 1 | - | 1 | **2** | - |
| | | 8.5 | सिस्टम<br>(कंप्यूटर केंद्र) | - | - | - | - | 1 | **1** | - |

| **ग्रुप-सी पद (सीधी भर्ती)** | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पद/ वेतन स्तर/ आयु | | विभाग/अनुभाग/ केंद्र/इकाई | वर्ग | | | | | कुल | दिशांत आरक्षण | |
| | | | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग- एनसीएल | ईडब्ल्यू एस | अनारक्षित | | मानक दिव्यांग व्यक्ति | ई एसए म |
| **ग्रुप-सी पद** | | | | | | | | | | | |
| 9. | **कनिष्ठ सहायक**<br>वेतन स्तर - 4<br>(रु. 25,500 - 81,100/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 32 वर्ष | | प्रशासन | 1 | 1 | 4 | 1 | 5 | **12** | 1 | 3 |
| 10. | **कनिष्ठ तकनीतिज्ञ**<br>वेतन स्तर - 4<br>(रु. 25,500 - 81,100/-)<br>अधिकतम आयु सीमा: 32 वर्ष | 10.1 | रासायनिक अभियांत्रिकी | - | - | - | - | 1 | **1** | 1 | 2 |
| | | 10.2 | सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी | - | 1 | - | - | - | **1** | | |
| | | 10.3 | कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी | - | - | 1 | | - | **1** | | |
| | | 10.4 | विद्युत अभियांत्रिकी | - | - | - | 1 | - | **1** | | |
| | | 10.5 | यांत्रिक अभियांत्रिकी | - | - | 1 | - | - | **1** | | |
| | | 10.6 | भौतिक विज्ञान | - | - | - | | 1 | **1** | | |
| | | 10.7 | केंद्रीय यंत्र समुच्चय सुविधा | - | - | - | - | 1 | **1** | | |
| | | 10.8 | अभियांत्रिकी एकक (सिविल) | 1 | - | - | - | - | **1** | | |
| | | 10.9 | उत्कृष्टता केंद्र | - | - | - | - | 1 | **1** | | |
| | | 10.10 | कंप्यूटर केंद्र | - | - | - | - | 1 | **1** | | |
| | | | | | | | | | | कुल | **42** |

- मानक दिव्यांग व्यक्तियों (पी डब्ल्यू बी डी) को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। निम्नलिखित पदों को नीचे सूचीबद्ध विकलांगताओं से पीड़ित पी डब्ल्यू बी डी के लिए उपयुक्त माना गया है:

| क्र. सं. | पोस्ट नाम | विकलांग |
|---|---|---|
| 1. | सहायक कुलसचिव | ओए, ओएल, बी, एलवी, एचएच |
| 2. | तकनीकी अधिकारी | ओए, ओएल, एचएच |
| 3. | कनिष्ठ अभियंता/ कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | ओए, ओएल, एचएच |
| 4. | अनुभाग अधिकारी/कनिष्ठ अधीक्षक | ओए, ओएल, बीएल, एचएच |
| 5. | कनिष्ठ सहायक | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच |
| 6. | कनिष्ठ तकनीकज्ञ | ओएल, एचएच |

प्रयुक्त संक्षेपाक्षर:
ओए: एक हाथ, ओएल: एक पैर, बी: दृष्टिहीन, एलवी: कम दृष्टि, बीएल: दोनों पैर, एचएच: श्रवण बाधित।

**महत्वपूर्ण तारीख:**

I. ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि :14-07-2025.

II. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :13-08-2025 17:00 बजे तक।

III. आयु और अनुभव की गणना की तिथि :13-08-2025.

**क. अधिसूचित पदों के लिए अपेक्षित योग्यताएं और अनुभव नीचे दिए गए हैं:**

| क्र. सं. | पद का नाम | अनिवार्य योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | **सहायक कुलसचिव**<br>**(प्रतिनियुक्ति के आधार पर)**<br>वेतन स्तर-10 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br><br>**शैक्षणिक योग्यता:** न्यूनतम 55% अंक अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या उसके समतुल्य स्कोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि।<br><br>**आवश्यक अनुभव:** सरकार/सरकारी शोध प्रतिष्ठानों/विश्वविद्यालयों/सांविधिक संगठनों/उच्च प्रतिष्ठित सरकारी संगठनों में प्रशासनिक/वित्त एवं लेखा/शैक्षणिक/विधिक/लेखा परीक्षा/भंडार एवं क्रय /स्थापना मामलों के क्षेत्र में सदृश पदों पर कार्य करने (या) आठ वर्ष का प्रशासनिक अनुभव, जिसमें से कम से कम 4 वर्ष वेतन स्तर 8 और उससे अधिक या इसका समकक्ष।<br><br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>(i) शैक्षिक प्रशासन, वित्तीय और कार्मिक प्रबंधन में अनुभव तथा आवासीय संस्थान में प्रशासन का नेतृत्व करने की क्षमता।<br>(ii) कम्प्यूटरीकृत प्रशासन/वित्तीय मामलों को संभालने का अनुभव।<br>(iii) आंतरिक लेखा परीक्षा संभालने में अनुभव, जिसमें बाहरी लेखा परीक्षा एजेंसियों और आंतरिक विभागों के साथ संपर्क, बिल प्रसंस्करण से पूर्व उच्च मूल्य के लेन-देन की पूर्व-संपरीक्षा, वेतन नियतन और पेंशन नियतन मामलों की जांच, और बाहरी लेखा परीक्षकों द्वारा उठाए गए लेखापरीक्षा टिप्पणियों का उत्तर देना शामिल है। |
| 2. | **तकनीकी अधिकारी**<br>(यंत्र समुच्चय सुविधा केंद्र)<br>वेतन स्तर - 10 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी/ विद्युत् अभियांत्रिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी / यांत्रिक अभियांत्रिकी / पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में बीई/बीटेक (या) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी/ रसायन विज्ञान/ इलेक्ट्रॉनिक्स में एमएससी और 8 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>अथवा<br>ख. न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी /विद्युत् अभियांत्रिकी /इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी /यांत्रिक अभियांत्रिकी/पदार्थ विज्ञानं एवं अभियांत्रिकी में एमई/एम.टेक न्यूनतम और 8 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>अथवा<br>ग. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी/ विद्युत् अभियांत्रिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी/ यांत्रिक अभियांत्रिकी / पदार्थ विज्ञानं एवं अभियांत्रिकी / भौतिकी/ रसायन शास्त्र/ इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी या न्यूनतम 55% अंक अथवा 10-बिदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ स्नातकोत्तर उपाधि, और 3 वर्ष के प्रासंगिक अनुभव (स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के उपरांत कार्य अनुभव संचयी रूप से गिना जाएगा; हालांकि, पीएचडी करने में बिताई गई अवधि को कार्य अनुभव के अंग के रूप में नहीं माना जाएगा)।<br><br>**प्रासंगिक अनुभव:**अभ्यर्थियों को परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरणों जैसे, परमाणु चुंबकीय अनुनाद (एनएमआर), एकल क्रिस्टल एक्स-रे विवर्तन (एसएक्सआरडी), उच्च प्रदर्शन तरल क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी), गैस क्रोमैटोग्राफी (जीसी-एमएस), थर्मो-ग्रेवेमेट्रिक विश्लेषण (टीजीए), स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एसईएम), आदि का कार्यसाधक ज्ञान, परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरणों संबंधी समस्या निवारण, मरम्मत और रखरखाव का ज्ञान।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>आईआईटी/आईआईएसईआर/आईआईएससी/एनआईटी जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग/तकनीकी |

| | | |
|---|---|---|
| | | संस्थानों और तत्सदृश केंद्रीय सरकारी संस्थानों की प्रयोगशालाओं में अनुभव और कंप्यूटर अनुप्रयोगों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, परिष्कृत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव में कार्यसाधक ज्ञान। |
| 3. | **सुरक्षा अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 10 | <u>**अनिवार्य**:</u><br>I. न्यूनतम 55% अंक अथवा 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि ।<br>II. सुरक्षा संबंधी पर्यवेक्षी/प्रशासनिक कार्य में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव, जिसमें केन्द्रीय/राज्य पुलिस सेवा/अर्धसैनिक बल/रक्षा/सरकारी शोध प्रतिष्ठानों/विश्वविद्यालयों/उच्च प्रतिष्ठित सांविधिक संगठनों में वेतन स्तर-7 और उससे ऊपर या समकक्ष स्तर पर कम से कम 5 वर्ष का अनुभव ।<br>III. हल्के मोटर वाहन और मोटरसाइकिल चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है ।<br><u>**वांछनीय:**</u><br>i) प्रशिक्षण, पूछताछ एवं जांच करना, संपर्कों सूत्रों का प्रबंधन करना तथा अग्निशमन, बचाव कार्य, बाढ़, भूकंप आदि जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटना।<br>ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सुरक्षा संचालन/अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा प्रमाण पत्र।<br>iii) विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ संपर्क स्थापित करने की क्षमता और श्रम संबंधी समस्याओं से निपटने का कौशल।<br>iv) पुलिस और जनता से निपटने के लिए सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं से परिचित होना।<br>v) आईआईटी/आईआईएसईआर/आईआईएससी/एनआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों और इसी तरह के केंद्र सरकार के संस्थानों में अनुभव। |
| 4. | **अनुभाग अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 8 | <u>**अनिवार्य**:</u><br>न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि और प्रशासनिक/वित्त एवं लेखा/शैक्षणिक/विधिक/लेखा परीक्षा/भंडार एवं क्रय/स्थापना मामलों के क्षेत्र में, अधिमानतः सरकारी/अर्ध-सरकारी/केंद्रीय स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में 6 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव, जिसमें से 3 वर्ष वेतन स्तर-6 और उससे ऊपर या समकक्ष स्तर पर हो।<br>**अथवा**<br>न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि और 7 वर्ष के प्रशासनिक अनुभव जिसमें से, प्रशासनिक / वित्त और लेखा / शैक्षणिक / विधिक / लेखा परीक्षा / भण्डार और क्रय / स्थापना मामलों के क्षेत्र में, अधिमानतः सरकारी / अर्ध-सरकारी / केंद्रीय स्वायत्त निकायों / पीएसयू में वेतन स्तर -6 और उससे ऊपर या समकक्ष स्टार पर 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है ।<br><u>**वांछनीय:**</u><br>कंप्यूटर अनुप्रयोगों जैसे वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट आदि में दक्षता । |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | **कनिष्ठ अधीक्षक**<br>वेतन स्तर - 6 | <u>अनिवार्य:</u><br><br>न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि और अधिमानतः सरकारी/अर्ध-सरकारी/केन्द्रीय स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/उच्च प्रतिष्ठित संगठनों में प्रशासनिक/वित्त एवं लेखा/शैक्षणिक/विधिक/लेखा परीक्षा/भंडार एवं क्रय/स्थापना मामलों के क्षेत्र में 3 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।<br><br>**अथवा**<br><br>न्यूनतम 55% अथवा 10- बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि और 4 वर्ष के प्रशासनिक अनुभव सहित अधिमानतः सरकारी/अर्ध-सरकारी/केन्द्रीय स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/उच्च प्रतिष्ठित संगठनों में प्रशासनिक/वित्त एवं लेखा/शैक्षणिक/कानूनी/लेखा परीक्षा/भंडार एवं क्रय/स्थापना मामलों के क्षेत्र में अनुभव।<br><br><u>वांछनीय:</u><br>कंप्यूटर अनुप्रयोगों जैसे वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट आदि में दक्षता। |
| 6. | **कनिष्ठ अभियंता** – सिविल<br>(अभियांत्रिकी एकक)<br>वेतन स्तर – 6 | <u>अनिवार्य:</u><br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी में बी.ई/बी.टेक या समकक्ष और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br>**अथवा**<br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><u>वांछनीय:</u><br>i) सीपीडब्ल्यूडी/राज्य पीडब्ल्यूडी/केंद्र द्वारा वित्तपोषित संस्थानों, या इसी तरह की संगठित सेवाओं/पीएसयू, सांविधिक या स्वायत्त संगठनों/विश्वविद्यालयों/केंद्र/राज्य सरकार के तहत प्रतिष्ठित संगठनों या प्रतिष्ठित निजी संगठनों में समकक्ष से बड़ी आधारिक संरचना परियोजनाओं/संस्थागत भवनों/संस्थानों में सिविल निर्माण कार्यों के निष्पादन/पर्यवेक्षण में अनुभव।<br>ii) ऑटोकैड जैसे ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर में दक्षता, साथ ही नवीनतम निर्माण प्रबंधन प्रथाओं और एमएस प्रोजेक्ट और प्राइमावेरा जैसे प्रासंगिक सॉफ्टवेयर का ज्ञान।<br>iii) एमएस ऑफिस अनुप्रयोगों में व्यावहारिक अनुभव के साथ मजबूत कंप्यूटर कौशल।<br>iv) सामग्री विनिर्देशों और सीपीडब्ल्यूडी तकनीकी विनिर्देशों का ज्ञान।<br>v) आइटम दर विश्लेषण और बिलिंग प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता।<br>vi) भवन निर्माण कार्यों के निर्माण और रखरखाव, जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) और सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) के संचालन और रखरखाव, और जल आपूर्ति वितरण लाइनों के रखरखाव में अनुभव। |
| 7. | **कनिष्ठ खेल अधिकारी**<br>वेतन स्तर - 6 | <u>अनिवार्य:</u><br><br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा/खेल विज्ञान में स्नातक की उपाधि और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br><u>वांछनीय:</u><br>i) आवेदकों को कम से कम एक खेल जैसे भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, टेनिस, स्क्वैश, वॉलीबॉल, हॉकी, तैराकी, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन आदि में विशेषज्ञता प्राप्त होनी चाहिए।<br>ii) एन.आई.एस. कोचिंग डिप्लोमा धारकों और अंतर विश्वविद्यालय / राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>iii) सरकारी/स्वायत्त निकायों या विश्वविद्यालय या कॉलेज में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| 8.1. | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक**<br>(रासायनिक अभियांत्रिकी)<br>वेतन स्तर - 6 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी में बीई/बीटेक न्यूनतम 55% अंकों के साथ या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या इसके समकक्ष स्कोर और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br><br>**अथवा**<br><br>न्यूनतम 55% अंक या 10-पॉइंट स्केल पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष स्कोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से रासायनिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा, और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>जैव प्रौद्योगिकी या विद्युत उपकरणों के संचालन के क्षेत्र में अनुभव। |
| 8.2. | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक**<br>विशेषज्ञता: सॉफ्टवेयर और सिस्टम विकास (कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग)<br>वेतन स्तर - 6 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br><br>क. न्यूनतम 55% अंकों के साथ या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष स्कोर के साथ कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी या संबंधित क्षेत्र में बी. ई/बी.टेक/एमसीए/एम.एससी, और सॉफ्टवेयर एवं सिस्टम डेवलपमेंट में 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>**अथवा**<br><br>ख. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी या समकक्ष (या) बीसीए न्यूनतम 55% अंकों के साथ या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष, और सॉफ्टवेयर और सिस्टम डेवलपमेंट में 4 वर्ष का अनुभव<br>**या**<br>ग. कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा न्यूनतम 55% अंकों के साथ या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष, तथा सॉफ्टवेयर और सिस्टम डेवलपमेंट में 5 वर्ष का अनुभव।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br><br>i) वेब प्रौद्योगिकियों में प्रवीणता, जिनमें एच टी एम् एल, सी एस एस, नोड.जे एस, रियाक्ट.जे एस, पी एच पी शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं<br>ii) कंप्यूटर नेटवर्क, आईपी एड्रेसिंग, सबनेटिंग, प्रोटोकॉल, फायरवॉल का गहन ज्ञान<br>iii) बैश स्क्रिप्टिंग, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, एन ऍफ़ एस सहित उन्नत लिनक्स कौशल<br>iv) एल ए एम् पी और एम् ई आर एन स्टैक के साथ अनुभव<br>v) डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन और एस क्यू एल विशेषज्ञता<br>vi) डॉकर कंटेनरीकरण का व्यावहारिक अनुभव<br>vii) पायथन स्क्रिप्टिंग, फ्लास्क एपीआई विकास, आभासी वातावरण<br>viii) रिवर्स प्रॉक्सी कॉन्फ़िगरेशन सहित वेब सर्वर एडमिनिस्ट्रेशन (अपाचे)<br>ix) सॉफ्टवेयर उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से परिचित होना: एकीकृत विकास वातावरण (जैसे, वीएस-कोड), संस्करण नियंत्रण प्रणालियाँ (जैसे, गिट), पाठ संपादक (जैसे, विम)<br>x) वर्चुअलाइजेशन (जैसे, वी एम् वेर /के वी एम्), एच पी सी क्लस्टर्स और क्लाउड प्लेटफ़ॉर्म (एडब्ल्यूएस/एज़्योर) में व्यावहारिक अनुभव<br>xi) स्वतन्त्र रूप से काम करने की योग्यता<br>xii) उत्तम सम्प्रेषण कौशल<br>xiii) आईआईटी, एनआईटी आदि संस्थानों की कंप्यूटर लैब में अनुभव।<br>xiv) कंप्यूटर नेटवर्किंग, वेब विकास, या लिनक्स एडमिनिस्ट्रेशन में प्रासंगिक प्रमाणपत्र<br>xv) कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग के लिए वेबसाइट परिकल्पना, परिनियोजन और रखरखाव करने में सक्षमता । |

| | | |
|---|---|---|
| 8.3 | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक**<br>विशेषज्ञता: सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन और नेटवर्किंग<br>(कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी)<br>वेतन स्तर - 6 | <u>अनिवार्य:</u><br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी या संबंधित क्षेत्र में बीई/बी.टेक/एमसीए/एम.एससी, और सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन और नेटवर्किंग में 2 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी या समकक्ष (या) बीसीए और सिस्टम प्रशासन और नेटवर्किंग में 4 वर्ष का अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा, तथा सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन और नेटवर्किंग में 5 वर्ष का अनुभव।<br><u>वांछनीय:</u><br>i) लिनक्स सर्वर, वर्चुअलाइजेशन, एचपीसी के संचालन में अनुभव<br>ii) समर्थ प्रोग्रामिंग कौशल और शेल स्क्रिप्ट के माध्यम से कार्यों को स्वचालित करना<br>iii) बैश स्क्रिप्टिंग, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, एन ऍफ़ एस सहित उन्नत लिनक्स कौशल<br>iv) कंप्यूटर नेटवर्क, आईपी एड्रेसिंग, सबनेटिंग, प्रोटोकॉल, फायरवॉल का गहन ज्ञान<br>v) ओपन-सोर्स प्रौद्योगिकियों, स्थापना, कंटेनरीकरण, क्लाउड सर्वर सेटअप और प्रशासन में कार्य अनुभव<br>vi) सर्वर या क्लाउड संचालन में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणन<br>vii) नेटवर्किंग, सुरक्षा, डिवाइस प्रबंधन का ज्ञान<br>viii) स्वतन्त्र रूप से काम करने की योग्यता<br>ix) उत्तम सम्प्रेषण कौशल<br>x) आईआईटी, एनआईटी आदि संस्थानों की कंप्यूटर लैब में अनुभव।<br>xi) कंप्यूटर नेटवर्किंग, वेब विकास, या लिनक्स संचालन में प्रासंगिक प्रमाणपत्र<br>xii) कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग के लिए एक वेबसाइट परिकल्पना, परिनियोजन और रखरखाव करने में सक्षमता |
| 8.4 | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक -**सिस्टम्स<br>वेतन स्तर – 6<br><br>पद – 2<br>(एचएसएस एवं एमएएस विभाग के लिए एक-एक पद ) | <u>अनिवार्य:</u><br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान औरअभियांत्रिकी /सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी में बीई/बीटेक या कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में एमएससी या एमसीए, और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>या<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में बी.एससी. (या) बीसीएकिसी और 4 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>या<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी /सूचना प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>i) आईआईटी/आईआईएसईआर/आईआईएससी/एनआईटी जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग/तकनीकी संस्थानों और इसी तरह के केंद्रीय सरकारी संस्थानों की प्रयोगशालाओं में अनुभव।<br>ii) सॉफ्टवेयर स्थापना, वेबसाइट विकास और रखरखाव में अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| 8.5 | **कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक –**सिस्टम (सीसी)<br>वेतन स्तर - 6 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी /सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी /सॉफ्टवेयर विज्ञान या एमसीए या समकक्ष में बीई/बीटेक/एमएससी और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीएससी या समकक्ष (या) बीसीए और 4 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी /इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या समकक्ष और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br>**प्रासंगिक अनुभव**: स्विच, राउटर, फायरवॉल, सीसीटीवी सिस्टम और आईपीपीबीएक्स सहित एंटरप्राइज़ नेटवर्क की संस्थापन, कॉन्फ़िगरेशन, निगरानी और में अनुभव ।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>1.समर्थ प्रोग्रामिंग कौशल और शेल स्क्रिप्ट के माध्यम से कार्यों को स्वचालित करना।<br>2. ओपन-सोर्स प्रौद्योगिकियों के साथ कार्य करने का अनुभव।<br>3. वैश्विक स्तर पर स्वीकृत नेटवर्क प्रमाणपत्र जैसे सी सी एन ए, ए सी एस एक्स, ए सी एम् पी, जे एन सी आइ ए - जुनोस, कोम्प टी आइ ए नेटवर्क +.<br>4. स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम।<br>5. उत्तम सम्प्रेषण कौशल |
| 9. | **कनिष्ठ सहायक**<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि ।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>कंप्यूटर अनुप्रयोगों जैसे वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट आदि में दक्षता. |
| 10.1. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(रासायनिक अभियांत्रिकी)<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी में बीई/बी.टेक ।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से रासायनिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से रासायनिक अभियांत्रिकी में आईटीआई, और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव हो।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>जैव प्रौद्योगिकी या विद्युत उपकरणों के संचालन के क्षेत्र में अनुभव। |
| 10.2. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी )<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी में बीई/बी.टेक ।<br>**या** |

| | | |
|---|---|---|
| | | ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल अभियांत्रिकी में आईटीआई और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव। |
| 10.3. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी)<br><br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br><br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी या संबंधित क्षेत्र में बीई/बी.टेक/एम.एससी/एमसीए।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी (या) बीसीए और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>घ. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान में आईटीआई और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br><br>i) वेब प्रौद्योगिकियों में आधारभूत दक्षता, जिसमें (एच टी एम एल, सी एस एस, जावास्क्रिप्ट, नोड.जे एस, रियाक्ट.जे एस) शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं.<br>ii) कंप्यूटर नेटवर्क की समझ (आईपी एड्रेसिंग, सबनेट, प्रोटोकॉल)<br>iii) लिनक्स वातावरण और बुनियादी कमांड से परिचित होना<br>iv) डेटाबेस और एस क्यू एल का ज्ञान<br>v) पायथन प्रोग्रामिंग का अनुभव<br>vi) सॉफ्टवेयर उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से परिचित होना: एकीकृत विकास वातावरण (जैसे, वीएस-कोड), संस्करण नियंत्रण प्रणालियाँ (जैसे, गिट), पाठ संपादक (जैसे, विम)<br>vii) स्वतन्त्र रूप से काम करने की योग्यता<br>viii) उत्तम सम्प्रेषण कौशल |
| 10.4. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(विद्युत अभियांत्रिकी )<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत् एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी में बीई/बी.टेक या समकक्ष।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से विद्युत् एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या समकक्ष, और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन में आईटीआई या समकक्ष और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br><br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>प्रयोगशाला सत्रों को संभालने का अनुभव और प्रयोगशाला उपकरणों के रखरखाव की क्षमता। |

| | | |
|---|---|---|
| 10.5. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(यांत्रिक अभियांत्रिकी)<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से यांत्रिक अभियांत्रिकी /एयरोस्पेस अभियांत्रिकी /उत्पादन अभियांत्रिकी /निर्माण अभियांत्रिकी या संबंधित विषय में बीई/बीटेक।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, यांत्रिक अभियांत्रिकी/एयरोस्पेस अभियांत्रिकी /उत्पादन अभियांत्रिकी /निर्माण अभियांत्रिकी या संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष के सकोर साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से यांत्रिक अभियांत्रिकी/एयरोस्पेस अभियांत्रिकी /उत्पादन अभियांत्रिकी/निर्माण अभियांत्रिकी या संबंधित विषय में आईटीआई और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव। |
| 10.6. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>**(**भौतिक विज्ञान**)**<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में एम.एससी. या समकक्ष उपाधि।<br>**या**<br>न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में बीएससी या समकक्ष उपाधि, और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव। |
| 10.7. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(केंद्रीय उपकरणन सुविधा)<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी/विद्युत् अभियांत्रिकी /इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी /यांत्रिक अभियांत्रिकी /पदार्थ विज्ञानं एवं अभियांत्रिकी में बीई/बीटेक (या) न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए के सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमएससी या समकक्ष।<br>**अथवा**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी/रसायन विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.एससी. और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**अथवा**<br>ग. न्यूनतम 55% अंकों के साथ या 10-पॉइंट स्केल पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से रासायनिक अभियांत्रिकी /विद्युत् अभियांत्रिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी/यांत्रिक अभियांत्रिकी/पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में डिप्लोमा और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**अथवा**<br>घ. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रासंगिक विषय में आईटीआई और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव। |
| 10.8. | **कनिष्ठ तकनीशियन**- सिविल<br>(अभियांत्रिकी एकक)<br>वेतन स्तर - 4 | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी में बीई/बी.टेक या समकक्ष।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा ,और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल अभियांत्रिकी में आईटीआई ,और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **वांछनीय:**<br>i) जल उपचार संयंत्रों और सीवेज उपचार संयंत्रों के संचालन और रखरखाव में ज्ञान/अनुभव।<br>ii) सिविल निर्माण कार्यों के निष्पादन/पर्यवेक्षण में अनुभव, अधिमानतः भवन/संस्थानों के निष्पादन और रखरखाव कार्यों में।<br>iii) कंप्यूटर ज्ञान और कंप्यूटर एमएस ऑफिस अनुप्रयोगों के साथ कार्य करने का अनुभव। |
| 10.9. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(उत्कृष्टता का केंद्र)<br>वेतन स्तर - 4 | **अनिवार्य:**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत् अभियांत्रिकी या समकक्ष/यांत्रिक अभियांत्रिकी या समकक्ष/मेक्ट्रोनिक्स में बीई/बीटेक ।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से विद्युत् अभियांत्रिकी या समकक्ष/यांत्रिक अभियांत्रिकी या समकक्ष/मेक्ट्रोनिक्स में डिप्लोमाऔर 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष के सकोर साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ, आईटीआई और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br>**वांछनीय:**<br>i) निम्नलिखित में से एक या अधिक में दक्षता : कैड/कैम सॉफ्टवेयर (उदाहरण के लिए, सॉलिडवर्क्स, ऑटोकैड), एनएक्स सीएडी/सीएएम, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन सिस्टम, एफईए और सीएफडी उपकरण (उदाहरण के लिए, एएनएसवाईएस, कॉमसोल, स्टार सीसीएम+), स्ट्रक्चरल विश्लेषण सॉफ्टवेयर, डेटा अधिग्रहण उपकरण<br>**या**<br>ii) निम्नलिखित में से एक या अधिक में दक्षता : प्रोग्रामेबल नियंत्रक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), माइक्रोग्रिड सिस्टम, उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली (एडीएएस), सेंसर और इंस्ट्रूमेंटेशन |
| 10.10. | **कनिष्ठ तकनीशियन**<br>(कंप्यूटर केंद्र)<br>वेतन स्तर - 4 | **अनिवार्य:**<br>क. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी / सॉफ्टवेयर विज्ञान में बीई / बीटेक / एमएससी या एमसीए या समकक्ष ।<br>**या**<br>ख. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीएससी या समकक्ष (या) बीसीए, और 2 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>ग. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष सकोर के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर अभियांत्रिकी /कंप्यूटर नेटवर्क प्रौद्योगिकी/विद्युत् एवं संचार अभियांत्रिकी /विद्युत् अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या समकक्ष, और 3 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव।<br>**या**<br>घ. न्यूनतम 55% अंक या 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 5.5 सीजीपीए या समकक्ष के सकोर के साथ, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में आईटीआई या समकक्ष तकनीकी कौशल और 5 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव ।<br>**प्रासंगिक अनुभव:** ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर के संस्थापन में अनुभव के साथ-साथ एंटरप्राइज़ नेटवर्क / कंप्यूटरों के समस्या निवारण और रखरखाव में अनुभव।<br>**वांछनीय:**<br>1. उबंटू, विंडोज और मैक ओएस पर अनुभव।<br>2. उत्तम संचार कौशल.<br>3. स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता। |

**ख. आवेदकों के लिए सामान्य निर्देश:**

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो यह अनिवार्य है ।

2. सभी शैक्षिक योग्यताएँ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान से ही प्राप्त होनी चाहिए। निर्धारित योग्यताएँ न्यूनतम हैं और जब तक निर्दिष्ट न हों, भले ही इससे उच्चतर योग्यता प्राप्त कर ली गई हो, पद के लिए विचार हेतु ये अनिवार्य हैं, और केवल इस तथ्य से कि उम्मीदवार ऐसी योग्यता प्राप्त है , वह चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा ।

3. प्रत्येक पद पर भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार तथा संस्थान में समय-समय पर यथा अनुप्रयोज्य /स्वीकृत सेवानिवृत्ति या सेवांत लाभ दिए जाएंगे।

4. केवल न्यूनतम अर्हताकारी उपाधि प्राप्त करने के उपरांत प्राप्त प्रासंगिक अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।

5. आवेदकों को आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएँ और अनुभव प्राप्त हैं । योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त होनी चाहिए। आयु, योग्यता और अनुभव के संबंध में पात्रता ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में यदि चयन के किसी भी चरण में सक्षम प्राधिकारी की यह राय हो कि इन समुदायों से अपेक्षित अनुभव प्राप्त अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है,ऐसी स्थिति में संस्थान के विवेकाधिकार के अनुसार अनुभव की आवश्यकता में छूट दी जा सकती है ।

7. योग्यता, स्तर और विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से अधिक अनुभव की प्रासंगिकता के आधार पर संस्थान लिखित/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।संस्थान, किसी भी विज्ञापित पद को, किसी भी आकस्मिक स्थिति में, बिना कोई कारण बताए, न भरने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

8. सभी अभ्यर्थियों को, चाहे वे किसी भी श्रेणी के हों, अनारक्षित रिक्तियों के लिए विचार किया जा सकता है, बशर्ते कि वे अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।

9. निर्धारित आवश्यक योग्यताएँ और अनुभव न्यूनतम हैं; इनके होने मात्र से आवेदक परीक्षा और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं होंगे। जहाँ किसी विज्ञापन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक हो, वहाँ संस्थान के लिए सभी आवेदकों के लिए परीक्षा और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित करना सुविधाजनक और/या संभव नहीं हो सकता है। ऐसे मामलों में, संस्थान विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से अधिक शैक्षणिक प्रदर्शन और/या योग्यता और/या अनुभव के आधार पर, परीक्षा और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले आवेदकों की संख्या को एक उचित मात्रा तक सीमित कर सकता है। इसलिए, आवेदकों को संबंधित क्षेत्र में निर्धारित न्यूनतम योग्यता [यदि कोई हो] के अतिरिक्त सभी योग्यताओं और अनुभव का विवरण दस्तावेजी साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करना होगा ।

10. अभ्यर्थियों को उनके ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना के आधार पर परीक्षा/साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सूचना सही है। यदि परीक्षा/साक्षात्कार या तदुपरांत किसी भी चरण में उनके द्वारा दी गई कोई भी सूचना या उनके ऑनलाइन आवेदन में किया गया कोई भी दावा झूठा पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी।

11. संस्थान, नियुक्ति के समय या सेवाकाल के दौरान किसी भी समय अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्ववृत्त या दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज फर्जी हैं या अभ्यर्थी का पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि प्रच्छन्न है और उसने उक्त सूचना छिपाई है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

12. चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनजाने में हुई गलती की स्थिति में, जो नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पाई जा सकती है, संस्थान अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी संचार को संशोधित करने /वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

13. सभी पदों पर सीधी भर्ती एक वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। परिवीक्षा अवधि को नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है।

14. संस्थान को आवेदक का लाघुसूचीयन और चयन के लिए छानबीन और परीक्षण की पद्धति तय करने का अधिकार है।

15. संस्थान किसी भी विज्ञापित पद को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है। साथ ही, चयन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी रिक्ति को उपलब्ध अभ्यर्थियों द्वारा भरा जा सकता है। पदों की संख्या केवल अनंतिम है।

16. संस्थान का प्रयास है कि ऐसा कार्यबल हो जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करे, तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

17. अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग - नॉन-क्रीमी लेयर (ओबीसी-एनसीएल), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) और भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए केंद्र सरकार के आदेशों के तहत आरक्षण उपलब्ध है।

18. अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग - गैर-क्रीमी लेयर (ओबीसी-एनसीएल) के अभ्यर्थियों को आयु में छूट केवल भारत सरकार के नियमों के अनुसार उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में दी जाएगी।

19. दिव्यांगजन/पूर्व सैनिकों को आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

20. मानक विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को ग्रुप-ए पदों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उम्मीदवार की उपयुक्तता और पद की प्रकृति के आधार पर, लागू मानदंडों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण कोटा उचित रूप से भरा जा सकता है।

21. संस्थान के नियमित कर्मचारियों को सीधी भर्ती के लिए अधिकतम 59 वर्ष की आयु तक छूट दी गई है।

22. अन्य आईआईटी के नियमित कर्मचारियों के लिए जो शैक्षणिक रूप से योग्य हैं और अन्यथा पात्र पाए जाते हैं सीधी भर्ती के लिए आयु में छूट पर अधिकतम 50 वर्ष की आयु तक विचार किया जा सकता है।

23. आरक्षण, आयु में छूट, शुल्क में छूट, अन्य कोई रियायत आदि का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को प्राधिकृत/सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित वैध निर्धारित प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

24. संस्थान के मानदंडों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति चिकित्सा योग्यता के अधीन है।

25. अभ्यर्थी की पात्रता, छानबीन /कौशल/लिखित परीक्षा और चयन से संबंधित सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा और सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

26. संस्थान की सेवा में शामिल होने के बाद, व्यक्ति को संस्थान के समय-समय पर लागू नियमों, विनियमों, अध्यादेशों, विधियों और अधिनियमों का पालन करना होगा। कार्य की आवश्यकता के आधार पर उसे संस्थान के भीतर या बाहर कोई भी कार्य सौंपा जा सकता है।

27. उपर्युक्त किसी एक पद के लिए चयनित आवेदकों को समय-समय पर [उनकी सेवा अवधि के दौरान किसी भी समय] संस्थान की आवश्यकता के अनुसार किसी अन्य पद/कार्यालय/विभाग में बिना कोई कारण बताए नियुक्त/स्थानांतरित किया जा सकता है।

28. भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। उपर्युक्त से संबंधित कोई भी कानूनी विवाद, यदि कोई हो, केवल तिरुपति के अधिकार क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा।

29. किसी भी अंतरिम पत्राचार/प्रश्नों पर विचार नहीं किया जाएगा।

30. प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी स्थायी पदधारी होने चाहिए। चूँकि प्रतिनियुक्ति से तात्पर्य संस्थान के बाहर किसी व्यक्ति की तैनाती से है, इसलिए इस संस्थान के कर्मचारियों की उम्मीदवारी पर इस पद के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

31. प्रतिनियुक्ति पद के लिए, आवेदकों को अपने नियोक्ता से ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अनुलग्नक-I के रूप में दिया गया 'नियोक्ता द्वारा प्रमाण पत्र' अपलोड करना होगा, जिसके बिना अभ्यर्थियों को लघुसूचीयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

32. पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक कार्य-निष्पादन रिपोर्ट (ए पी ए आर )/वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट (ए सी आर ) उचित माध्यम से भेजी जानी चाहिए और दिनांक 22-08-2025 तक नीचे दिए गए पते पर पहुँच जानी चाहिए। लिफाफे पर "प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक कुलसचिव के पद हेतु आवेदित पद" लिखा होना चाहिए:

    कुलसचिव
    भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति
    एर्पेडु - वेंकटगिरि रोड, एर्पेडु पोस्ट, तिरुपति जिला,
    आंध्र प्रदेश -517 619.

33. मद संख्या ख.30, ख.31, और ख.32 केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक कुलसचिव के पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों पर लागू होते हैं।

**ग. आवेदकों के लिए अन्य निर्देश:**

1. अभ्यर्थियों को केवल वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

2. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

3. प्रत्येक पात्र उम्मीदवार को एक विशेष पद के लिए केवल एक ही आवेदन पत्र भरना होगा। यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी अनारक्षित पदों के लिए पात्र है, तो एक ही आवेदन पत्र पर अनारक्षित और आरक्षित दोनों पदों के लिए विचार किया जाएगा।

4. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

   अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करने होंगे:

   क. कृपया एसएसएलसी, इंटरमीडिएट, डिप्लोमा, यूजी डिग्री, पीजी डिग्री और पीएचडी सहित शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र और/या मार्कशीट प्रस्तुत करें, साथ ही आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की समेकित मार्कशीट भी प्रस्तुत करें।

   ख. जन्म प्रमाण पत्र (विधि के तहत सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी) या हाई स्कूल प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हो।

   ग. मान्य श्रेणी प्रमाणपत्र (एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक आदि), यदि लागू हो। दिनांक 01.04.2025 को या उसके बाद जारी किए गए ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र मान्य माने जाएँगे।

   घ. यदि लागू हो तो वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पात्र।

   अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में संभावित देरी की स्थिति में, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय, जहां भी आवश्यक हो, वचनपत्र की स्कैन की हुई प्रति प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं, जिसमें निम्नलिखित विवरण हो:

   *"मैं, (अभ्यर्थी का नाम, आयु, निवास स्थान), (वर्तमान संगठन में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि) से (संगठन का नाम) में (पदनाम) के रूप में कार्यरत हूँ। मैं, एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवश्यकता पड़ने पर मैं परीक्षा/साक्षात्कार/सत्यापन के समय वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करूँगा/करूँगी। यदि मैं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता/पाती हूँ, तो मैं परीक्षा/साक्षात्कार या किसी अन्य प्रक्रिया में शामिल होने का कोई अधिकार* का दावा *नहीं करूँगा/करूँगी।"*

   ङ. अभ्यर्थियों को वचनपत्र पर दिनांक सहित हस्ताक्षर करना होगा।

   च. अनुभव प्रमाण पत्र कालानुक्रमिक क्रम में और उचित प्रारूप में हो अर्थात यह संगठन के पत्रशीर्ष पर हो जिसमें जारी करने की तारीख, नाम, पदनाम, संगठन के प्रशासनिक प्राधिकारी/मालिक के हस्ताक्षर एवं उनकी मुहर सहित अभ्यर्थी के कार्य की विशिष्ट अवधि, कर्तव्यों की प्रकृति, जो उन्हें उक्त पद के लिए आवेदन करने के लिए योग्य बनाता हो।

   छ. उनके अनुभव के अनुसार वेतन प्रमाण पत्र। वेतन प्रमाण पत्र में, सकल वेतन का विवरण स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए, जैसे वेतन, डीए, एचआरए और अन्य भत्ते। निजी कंपनियों/पार्टियों से प्राप्त वेतन प्रमाण पत्रों में समेकित राशि पर विचार नहीं किया जाएगा। इन प्रमाण पत्रों में वेतन का विवरण होना चाहिए ताकि आवश्यकतानुसार प्रत्येक पद के लिए दिए गए सरकारी वेतनमान और वेतनमान से तुलना की जा सके।

   ज. जहां भी आवश्यक हो, वांछनीय योग्यता के संबंध में दक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

5. जो अभ्यर्थी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/निजी संगठनों से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं और उनके वेतनमान भिन्न हैं, उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना उनका उत्तरदायित्व है। अन्यथा, उस अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. ऑनलाइन आवेदन में दिए गए सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे तथा उसके बाद किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा पूरी भर्ती प्रक्रिया में इसे ध्यान में रखा जाएगा।

7. सरकारी नौकरी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सरकारी स्वायत्त संस्थानों में कार्यरत आवेदकों को दस्तावेज़ सत्यापन/परीक्षा/साक्षात्कार के समय सतर्कता मंजूरी के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते भरें क्योंकि संस्थान द्वारा सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से ही किया जाएगा। परीक्षा/साक्षात्कार कार्यक्रम और ऑनलाइन आवेदन में किए गए दावों के संबंध में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों की प्रतियों से संबंधित आवश्यकताओं की सूचना अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल पर यथासमय ईमेल द्वारा दी जाएगी और संस्थान के भर्ती पोर्टल पर भी पोस्ट की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए डाक द्वारा कोई अलग से पत्र नहीं भेजा जाएगा। इसके अलावा, किसी भी अपडेट के लिए, कृपया नियमित रूप से भर्ती पोर्टल देखें, क्योंकि बाद में किसी भी संशोधन की सूचना केवल भर्ती पोर्टल पर ही दी जाएगी।

9. इस विज्ञापन के संबंध में यदि कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र हो तो उसे केवल https://iittp.ac.in/recruitment पर दिनांक 11.03.2014 को प्रकाशित किया जाएगा।.

10. आवेदन शुल्क और भुगतान विधि: इसका भुगतान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक, महिला, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, बशर्ते वे ऑनलाइन आवेदन करते समय इसका दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करें। आवेदन शुल्क इस प्रकार है:

| क्र. सं. | समूह | आवेदन शुल्क (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | ए | 500/- |
| 2. | बी | 300/- |
| 3. | सी | 200/- |

टिप्पणी: क) एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।
(ख) भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को किसी अन्य आवेदन या परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

11. पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पद के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा, बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को परीक्षा/परीक्षण के लिए केवल बुलावा पत्र जारी कर देने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि उसकी उम्मीदवारी योग्य पाई गई है।

12. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक ऑनलाइन जमा करने के बाद, आवेदन पत्र का प्रिंटआउट प्राप्त करना होगा और परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर जमा करना होगा। दस्तावेज़ सत्यापन/परीक्षा/साक्षात्कार के समय इसकी आवश्यकता होगी। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संस्थान को नहीं भेजी जानी है।

13. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन पत्र या अपेक्षित शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्र के बिना आवेदन पत्र या निर्धारित आवेदन शुल्क या नवीनतम फोटोग्राफ के बिना आवेदन पत्र बिना सूचना के अस्वीकार किए जा सकते हैं।

14. लिखित परीक्षा, ट्रेड टेस्ट या कौशल परीक्षा जैसे स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं मिलेगा। हालांकि, अंतिम स्तर/साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को संस्थान के मानदंडों के अनुसार प्रतिपूर्ति मिलेगी।

15. परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और परिणाम तथा साक्षात्कार के लिए न बुलाए जाने के कारणों के संबंध में अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

16. चयन की पद्धति :

ग्रुप-ए पद के लिए: (i) स्क्रीनिंग टेस्ट/ साक्षात्कार या दोनों

ग्रुप-बी और सी पद के लिए: (i) वस्तुनिष्ठ-आधारित परीक्षण
(ii) लिखित परीक्षा (वर्णनात्मक)
(iii) कौशल परीक्षा/ट्रेड परीक्षा

अधिक जानकारी अभ्यर्थी को उनके द्वारा दिए गए ईमेल पते के साथ-साथ संस्थान की वेबसाइट पर भी सूचित की जाएगी।

17. जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई तकनीकी समस्या आती है, वे नीचे दिए गए ईमेल पते पर अपनी समस्याओं का विवरण प्रेषित कर सकते हैं। यह ईमेल केवल आवेदन की अंतिम तिथि तक ही उपलब्ध रहेगा।

**rmt_queries@iittp.ac.in**

18. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता मानी जाएगी।

19. सभी अभ्यर्थियों के लिए हर दृष्टि से पात्रता मानदंड निर्धारित करने हेतु निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।

20. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13-08-2025 को 17:00 बजे तक है।

**हस्ता /-**
कुल सचिव

**अनुबंध- I**

*नियोक्ता के पत्र शीर्ष पर जारी किया जाना है*

*(केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक कुलसचिव के पद के लिए)*

**नियोक्ता द्वारा जारी प्रमाणपत्र**

i) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ______________________________ के अधीन ____________ दिनांक ____________ से ____________ का स्थाई पद संभाल रहे/रही हैं.

ii) श्री/सुश्री ________________________________________________ की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

iii) दिनांक __________ से उनका वेतन स्तर/वेतनमान _______________________________________ है। वर्तमान में, वे ____________ का मूल वेतन और मूल वेतन का ___________% महंगाई भत्ता प्राप्त कर रहे/रही हैं।

iv) श्री/सुश्री द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचना सत्यापित की गई है और सही पाई गई है।

v) आईआईटी तिरुपति में प्रतिनियुक्ति पर सहायक कुलसचिव के पद पर नियुक्ति के लिए श्री/सुश्री __________________ के आवेदन पर विचार किये जाने पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है।

vi) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री को उनके द्वारा आवेदित पद पर चयन होने की स्थिति में एक माह में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।
या
प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ______________ द्वारा आवेदित पद पर उनके चयन होने की स्थिति में उन्हें एक माह में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।
अथवा
प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ______________ द्वारा आवेदित पद पर उनके चयन होने की स्थिति में उन्हें __________ माह में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

vii) संगठन/संस्थान में सेवा के दौरान संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

viii) संबंधित अधिकारी की पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर)/वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) आवेदन की कागज़ी प्रति के साथ इस कार्यालय या उचित माध्यम से भेजी जाएगी।

तारीख:
स्थान:

*हस्ताक्षर*

संस्थान/कार्यालय प्रमुख
आधिकारिक मुहर के साथ